प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. देश आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा, प्रधानमंत्री ने कहा– आतंकवाद के खिलाफ भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ऑपरेशन सिंदूर।
2. केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का किया शुभारंभ, कहा– पिछले एक दशक में दोगुनी हुई ईएसआईसी के लाभुकों की संख्या।
3. भाजपा ने बिजली–पानी की मांग पर राज्य सरकार के खिलाफ कोल्हान में किया प्रदर्शन, झामुमो का महंगाई के मुद्दे पर सभी जिला मुख्यालयों पर आंदोलन आज।
4. राज्य में बिजली कटौती पर सरकार सख्त, मुख्य सचिव ने सभी प्रमंडलों में कंट्रोल रूम बनाकर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का दिया निर्देश।
5. हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित मेगालिथ को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान, इंग्लैंड के प्रसिद्ध न्यूग्रेंज और हेरेंज की तर्ज पर किया जायेगा विकसित।

****

देश आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। पिछले वर्ष 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इन हमलों में कम से कम एक सौ आतंकी मारे गए थे। यह कार्रवाई पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित बर्बर आतंकी हमले का भारत की ओर से करारा जवाब थी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आतंकवाद और उसको समर्थन देने वालों को समाप्त करने के अपने संकल्प पर अडिग है। ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

****

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी वितरण सामान्य रूप से जारी है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू एलपीजी और पेट्रोल तथा डीजल के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

****

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नए श्रम संहिता के अंतर्गत 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए आज राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ किया।

नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम– ई.एस.आई.सी. मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन करते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि ईएसआईसी के अंतर्गत आने वाले लोगों की संख्या एक दशक में 7 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ हो गई है।

इधर राजधानी रांची के नामकुम स्थित ई.एस.आई.सी. अस्पताल में भी विशेष शिविर का आयोजन कर 40 वर्ष से अधिक उम्र वाले मरीजों की जांच की गयी।

****

झारखंड विधानसभा सचिवालय के विधायी शोध संदर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि विधानसभा सचिवालय कर्मियों को सदन की कार्यवाही और विधायी विषयों की अद्यतन जानकारी रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नेशनल ई–विधान प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए और पेपरलेस विधानसभा की दिशा में अधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष होना जरूरी है।

****

भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बिजली पानी की व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग को लेकर आज कोल्हान प्रमंडल में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा नेताओं का आरोप है कि केंद्र से बड़ी राशि मिलने के बावजूद हेमंत सरकार ने नल–जल कार्यक्रम को सही ढंग से लागू नहीं किया, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है।

उधर, झामुमो ने बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि महंगाई से जनता परेशान है।

****

राज्य में लगातार हो रही बिजली कटौती पर रोक लगाने के लिए मुख्य सचिव अविनाश कुमार की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने सभी प्रमंडलों में कंट्रोल रूम बनाने और 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि बिजली आपूर्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रीकुमार ने चेतावनी दी कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने से लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने पर संबंधित मुख्य अभियंताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****

हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित मेगालिथ को इंग्लैंड के प्रसिद्ध न्यूग्रेंज और हेरेंज की तर्ज विकसित किया जायेगा। कला एवं पर्यटन विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने मेगालिथ क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद कहा कि इस स्थल को विश्वस्तरीय बनाने की योजना है।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज शुरूआती कारोबार में मामूली गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 172 अंक लुढ़कर 77 हजार 787 पर जबकि निफ्टी 23 अंक गिर कर 24 हजार 308 पर था।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने का भाव एक लाख 40 हजार पांच सौ रूपये है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 55 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

रांची, गुमला, लोहरदगा, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, और रामगढ़ के कुछ हिस्सों में अगले एक से तीन घंटे के दौरान हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। वहीं तेज हवा के साथ वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

****